PRADHAN MANTRI JAN-DHAN YOJANA

24 जनवरी, 2015

प्रिय मित्रों,

प्रधानमंत्री जन-धन योजना की सफलता सुनिश्चित करने में आप सबके द्वारा किए गए असाधारण कार्य को देख कर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है। सभी परिवारों के लिए बैंक खाते खोलने का निर्धारित लक्ष्य 26 जनवरी, 2015 की निर्धारित तिथि से बहुत पहले ही पूरा हो गया था। काफी कम समय में 11.5 करोड़ नए खाते खोलकर हमने देश के सभी परिवारों का 99.74% का कवरेज प्राप्त कर लिया है। आपके इस असाधारण प्रयास के लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

आपको याद होगा कि जब हमने इस मिशन की शुरुआत की थी तो पांच माह की सीमित समयावधि के भीतर इस कार्य को पूरा करने की हमारी क्षमता पर बहुत से लोगों को संदेह था। तथापि, आपने शंकालु लोगों को गलत साबित कर दिया है तथा असम्भव प्रतीत होने वाले कार्य के लक्ष्य को पूर्ण रूप से प्राप्त कर लिया है। यह इकलौती उपलब्धि आपके साथ अन्य लोगों को हमारे सपनों को हकीकत में बदलने हेतु कार्य आरंभ करने के लिए प्रेरित करेगी।

अच्छी शुरुआत आधी सफलता ही है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना हमारे लोगों की आर्थिक स्थिति को बदलने का धरातल प्रदान कराती है। हमें इस सफलता का अधिकाधिक उपयोग करने और अपने नागरिकों को ऋण, बीमा तथा पेंशन सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने हेतु इन खातों का पूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता है। हमें ग्राहक

सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने की भी आवश्यकता है। यह प्रधानमंत्री जन-धन योजना का अगला चरण है।

हमें वित्तीय साक्षरता के अपने प्रयासों को दोगुना करने की आवश्यकता है। आधार सीडिंग में और सुधार की आवश्यकता है। गांवों में ही रूपे कार्ड तथा आधार आधारित लेन-देन करने में बैंक मित्रों को सक्षम बनाए जाने की आवश्यकता है। मैं चाहता हूं कि आप यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें कि प्रत्येक खाता धारक आधार के लिए अपना नामांकन कराए और उसे बैंक खाते से जोड़े। सभी खातों के लिए ऐसा किए जाने की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि आप सीडिंग के कार्य को भी उसी उत्साह से करेंगें जैसा कि आपने बैंक खाता खोलने के अभियान में किया था।

मैं मानता हूं कि बैंक खाते न होने की एकल अक्षमता के कारण अधिकांश विकास गतिविधियां अवरुद्ध थीं। अब हमने इस अक्षमता पर विजय पा ली है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की कुछ योजनाओं से लोगों को लाभ प्राप्त होने लगा है। यह न केवल यह सुनिश्चित करता है कि लाभ सीधे लोगों तक पहुंचे, अपितु आपके खातों का भी सही उपयोग हो।

राष्ट्र निर्माण में यह आपका महान योगदान है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी अनेकों योजनाओं में डीबीटी प्लेटफॉर्म का उपयोग हो।

मैं इस विशाल राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा होने के लिए एक बार फिर आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिसकी सहायता से हम भारत के प्रत्येक नागरिक को एक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने में मदद कर पाएंगे।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

नरेन्द्र मोदी